## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 15.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने जामताड़ा में 10 करोड़ की लागत से बने नेचर पार्क का किया उद्‌घाटन, कहा मां मलांचा मंदिर क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर होंगे सृजित।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर ने की मुलाकात, निवेश, सुरक्षित खनन, जनजातीय विकास और आपसी सहयोग को मजबूत करने पर हुई चर्चा।**
3. **राजधानी रांची को सुंदर, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक, अतिक्रमण, यातायात, महिला सुरक्षा को लेकर दिए गए निर्देश।**
4. **पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन के दो जवान हुए घायल, सर्च ऑपरेशन किया गया तेज।**
5. **धनबाद में सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ, सांसद ढुलू महतो ने कहा – ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मिलता है अवसर।**

**********************

विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने जामताड़ा जिले में मलांचा पर्वत परिसर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के तहत कल लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से बने नेचर पार्क का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां मलांचा मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है और पर्यटन विकास से स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

**********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन ओएएम ने मुलाकात कर आपसी संबंधों को मजबूत करने, निवेश की संभावनाओं और परस्पर सहयोग पर चर्चा की तथा उन्हें ऑस्ट्रेलिया आने का निमंत्रण दिया। रांची में आयोजित इस बैठक में झारखंड में निवेश, खान सुरक्षा, सुरक्षित खनन तकनीक और जनजातीय समुदायों के विकास से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से विचार–विमर्श हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रम आधारित अर्थव्यवस्था से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के संकल्प की जानकारी दी, जिस पर ऑस्ट्रेलियाई पक्ष ने सहयोग का भरोसा जताया।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर रांची शहर को सुंदर, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में हुई समन्वय बैठक में ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में अतिक्रमण हटाने, यातायात व्यवस्था सुधारने, बिजली के खंभों पर लटके तारों को व्यवस्थित करने, टोटो परिचालन को नियंत्रित करने और महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने को लेकर संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए। मौके पर उपायुक्त ने नगर निगम, पुलिस, परिवहन विभाग और अन्य एजेंसियों के बीच समन्वय से संयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम सुविधाएं मिल सकें।

**********************

हजारीबाग में आजसू पार्टी के मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने वर्तमान राज्य सरकार को गैर जिम्मेदार बताते हुए निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के छह साल पूरे होने के बावजूद विकास के क्षेत्र में कोई ठोस काम नहीं हुआ और चार करोड़ की आबादी खुद को असहाय महसूस कर रही है।

**********************

झारखंड स्टेट सेंट्रल बैंक एसटी एससी ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन रांची की तृतीय अधिवेशन तथा ऑल इंडिया सेंट्रल बैंक एसटी एससी ओबीसी फेडरेशन की हाइ पावर कमिटी की बैठक कल खूंटी में संपन्न हुई।

इस बैठक में एसटी, एससी और ओबीसी कर्मचारियों से जुड़े शोषण, जातिगत उत्पीड़न और अधिकारों के हनन के मामलों पर चर्चा कर समाधान के लिए एक्शन प्लान तैयार किया गया। अधिवेशन में सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया और कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लिया गया।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम के सारंडा जंगल में कल हुए नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में कोबरा 209 बटालियन के दो जवान घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि विस्फोट के बाद दोनों जवानों को प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रांची के अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में सतर्कता बढ़ाते हुए नक्सलियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है।

**********************

लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर भाग रहे एक वाहन के पलटने से उसमें लदी करीब 1000 पेटी अवैध शराब बरामद की गई जिसे हरियाणा से बिहार भेजा जा रहा था। थाना प्रभारी रणधीर सिंह के अनुसार हादसे के बाद चालक और उपचालक मौके से फरार हो गए, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**********************

गयाजी के मानपुर से कोडरमा जिले के सरमाटांड तक ऑटोमेटिक सिंग्नल प्रणाली शुरू हो गई है। आने वाले समय में हावड़ा–दिल्ली मेन लाइन को ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली से लैस किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

- सरायकेला–खरसावां के चांडिल वन क्षेत्र में दलदल में फंसे अस्वस्थ जंगली हाथी की इलाज के दौरान कल मौत हो गई। हाथी की मौत के बाद ग्रामीणों ने पूजा–अर्चना कर रस्म अदायगी की और पूरे इलाके में शोक का माहौल है।
- सिमडेगा जिले के पाकरटाँड़ थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने सिम कार्ड और जले हुए मोबाइल के टुकड़े बरामद किए हैं ।

**********************

धनबाद के राजकमल स्कूल में कल सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ सांसद ढुलू महतो और पूर्व सांसद पीएन सिंह ने किया। खेल महोत्सव की शुरुआत जूडो प्रतियोगिता से हुई है, जबकि इसका समापन 24 दिसंबर को चिटाही में होगा, जिसमें क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, मैराथन, जूडो, शतरंज, बास्केटबॉल और आर्चरी सहित कई खेल शामिल हैं। इस अवसर पर सांसद ढुलू महतो ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा और वे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– आज से 783 केन्द्रों पर होगी धान की खरीद, एक मुश्त भुगतान।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– सिडनी में आतंकी हमला, 16 की मौत।

**प्रभात खबर** लिखता है– नेतरहाट स्कूल के लिए झारखंड हाइकोर्ट ने बनायी अंतरिम संचालन समिति।

**दैनिक जागरण** लिखता है– सीयूईटी पीजी के लिए भरें ऑनलाइन फार्म।

**********समाप्त**************